दिनांक : 24.02.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज भोपाल में ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट का करेंगे शुभारंभ, देश-विदेश से निवेशक होंगे शामिल।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा-ग्लोबल समिट से युवाओं के लिए खुलेंगे रोजगार के नये दरवाजे।
- प्रधानमंत्री आज किसान सम्मान निधि की किस्त जारी करेंगे।
- दुबई में खेले गए आईसीसी चैंपियंस ट्राफी क्रिकेट मैच में भारत ने पाकिस्तान को 6 विकेट से हराया।

ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट- पीएम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज दो दिवसीय ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट का शुभारंभ करेंगे। भोपाल में होने वाली इस समिट में श्री मोदी मध्यप्रदेश की औद्योगिक नीतियों का शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री देश-विदेश से आए निवेशकों, उद्योगपतियों, प्रवासी भारतीयों और स्टार्ट-अप्स को संबोधित भी करेंगे।

वीओ- संजीव शर्मा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज भोपाल में बड़े तालाब की आकर्षक पृष्ठभूमि और राष्ट्रीय मानव संग्रहालय के अनूठे परिदृश्य में दुनिया भर के निवेशकों को संबोधित करने के अलावा मध्यप्रदेश की 18 से अधिक नई नीतियों को जारी करेंगे। इन नीतियों में औद्योगिक, खाद्य, निर्यात, एमएसएमई, स्टार्ट-अप्स, जीसीसी, सेमी-कंडक्टर, ड्रोन, पर्यटन, फिल्म निर्माण से संबंधित नीतियां शामिल हैं। यह मध्यप्रदेश में आठवां और भोपाल में आयोजित होने वाला पहला वैश्विक निवेशक सम्मेलन है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में सहभागिता के लिए 25 हजार से अधिक पंजीकरण हुए हैं। 50 से अधिक देशों के 100 से अधिक विदेशी प्रतिनिधि भी भोपाल आ रहे है। इसमें राजदूत, उच्चायुक्त और महावाणिज्य दूत शामिल हैं। समिट में भाग लेने वाले प्रमुख उद्योगपतियों में आदित्य बिड़ला समूह के अध्यक्ष कुमार मंगलम बिड़ला, अडानी समूह के अध्यक्ष गौतम अडानी, गोदरेज इंडस्ट्रीज के नादिर गोदरेज, भारत फोर्ज लिमिटेड बाबा एन कल्याणी और सन फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड के राहुल अवस्थी जैसे दिग्गज शामिल हैं।

संजीव शर्मा, आकाशवाणी समाचार, भोपाल

जीआईएस-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भोपाल में हो रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट बहुत अच्छे परिणाम देगी और युवाओं के लिये रोजगार के नये दरवाजे खुलेंगे। उन्होंने कल देर रात समिट स्थल पर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि सरकार गरीब, युवा, अन्नदाता, नारी सभी के कल्याण के लिए समान रूप से काम कर रही है।

बाइट-मुख्यमंत्री

प्रधानमंत्री- परीक्षा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भोपाल में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के निर्धारित कार्यक्रम में विद्यार्थियों के हित में परिवर्तन करते हुए एक बार फिर विद्यार्थियों के प्रति संवेदनशीलता दिखाई है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री श्री मोदी प्रातः 9.45 बजे जीआईएस कार्यक्रम स्थल के लिये रवाना होने वाले थे आज विद्यार्थियों की वार्षिक परीक्षा होने से प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपने कार्यक्रम को 15 मिनिट आगे बढ़ाते हुए 10 बजे का कार्यक्रम निर्धारित किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी अब प्रातः 10 बजे कार्यक्रम स्थल के लिये रवाना होंगे। इससे परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र तक पहुँचने में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ेगा।

प्रधानमंत्री-पीएम किसान निधि

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज बिहार के भागलपुर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त जारी करेंगे। इस योजना के माध्यम से भूमिधारक किसानों को तीन समान किस्तों में सालाना छह हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। देश भर के 7 सौ 31 कृषि विज्ञान केंद्रों में भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें लगभग ढाई करोड़ किसान कार्यक्रम से जुड़ेंगे।

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए इस दिन को किसान सम्मान समारोह के रूप में मनाया जाएगा।

अच्छी खबर-रीवा

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना हितग्राहियों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना से लाभान्वित होकर कई हितग्राहियों ने ऊर्जा की बचत की है और बिजली बिल के झंझट से हमेशा के लिए छुटकारा पा लिया है। इस संबंध में प्रस्तुत है हमारी रीवा संवाददाता आरती श्रीवास्तव की रिपोर्ट -

वीओ 1- रीवा के रहने वाले पवन कचेर इस योजना का लाभ उठाकर बेहद प्रसन्न है। वे कहते है कि स्वयं बिजली बनाकर वे बेहद गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

वीओ 2- प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की पात्र गृहिणी एकता सिंह ने बताया कि इस योजना का लाभ उठाकर उनको अब लंबे चौडे बिजली बिलों से राहता मिल गई है अब बेहद कम बिल आता है जिससे उन्हे अब काफी सुविधा है।

जिले मे प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन के संबंध में एमपीईबी के एस ई बृजेश शुक्ला ने हमें बताया..

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से लाभान्वित हितग्राहियों को अब भारी भरकम बिजली बिलों से राहत मिल गई है। आकाशवाणी समाचार के लिये रीवा से मैं आरती श्रीवास्तव।

प्रधानमंत्री-भोपाल बैठक

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पार्टी सांसदों-विधायकों से कहा है कि वे जनता के बीच सक्रिय रहें, हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाए और विकास कार्य सुनिश्चित करें। श्री मोदी ने कल भोपाल में आयोजित बैठक में पार्टी के चुनिंदा जनप्रतिनिधियों एवं पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा आप सब जनता के सेवक हैं, उनका विश्वास बनाए रखना हम सब की जिम्मेदारी है। इस दौरान प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सांसदों, विधायकों से योजनाओं और उनके अपने क्षेत्र में विकास कार्यो से संबंधित कार्य योजना को लेकर चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा सहित अन्य नेता इस अवसर पर मौजूद थे।

भारत-पाक क्रिकेट

दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी एकदिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में ग्रुप ए के एक अहम मुकाबले में कल रात भारत ने पाकिस्तान को छह विकेट से हरा दिया। प्लेयर ऑफ द मैच विराट कोहली ने नाबाद शतक बनाया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान की टीम 50वें ओवर में 241 रन पर सिमट गई। सऊद शकील ने सर्वाधिक 62 रन बनाए। भारत के लिए, कुलदीप यादव ने 3 विकेट हासिल किए, जबकि हार्दिक पंड्या ने 2 विकेट लिए। चेज़ मास्टर और रन मशीन विराट कोहली ने नाबाद शतक बनाया, जबकि श्रेयस अय्यर के 56 और शुबमन गिल के 46 रनों ने भारत के लिए स्कोर का पीछा करना आसान बना दिया।

यह विराट कोहली का 51वां वनडे शतक था। इसके अलावा, उन्होंने वनडे में सबसे तेज 14 हजार रन बनाने वाले बल्लेबाज बनकर भी इतिहास रचा। इसके अलावा, उन्होंने प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ सबसे अधिक प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार पाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया।

समाचार संक्षेप में .....

- इंदौर में 20 फरवरी से असंचारी रोगों की स्क्रीनिंग के लिए निरोगी काया अभियान की शुरुआत की गई है। लोगों की मधुमेह, उच्च रक्तचाप की जांच की जाएगी और उनका निःशुल्क उपचार किया जाएगा।
- जन अभियान परिषद ने समृद्धि योजना के अंतर्गत आगरमालवा में कल स्वैच्छिक संगठनों का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया।
- श्योपुर जिले में निरोगी काया अभियान के तहत करीब 1 लाख 30 हजार लोगों की डायबिटीज, रक्ताचाप सहित अन्य बीमारियों की जांच की जायेगी।
- दतिया में आज से इस सत्र की पांचवीं और आठवीं की परीक्षाएं प्रारंभ होने जा रही है। इसके लिए 71 परीक्षा केंद्रों पर 25 हजार विद्यार्थी परीक्षा देगे।

-------